प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.03.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को किया संबोधित : कहा– छोटे कारोबार को विस्तार देने के लिये बांटे 11 हजार करोड़ रुपये।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– परीक्षाओं की शुचिता भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है सरकार : उपजिलाधिकारियों, पुलिस उपाधीक्षकों और लेखाधिकारियों को वितरित किये नियुक्ति पत्र।
3. मुख्यमंत्री ने अम्बेडकर नगर, अयोध्या और गोण्डा में लगभग पांच हजार करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का किया शुभारम्भ किया।

और

4. होली सहित अन्य त्यौहारों के मौके पर विशेष बसों का संचालन करने की तैयारी पूरी : ड्राइवरों और कंडक्टरों को मिलेगा प्रोत्साहन भत्ता।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों को संबोधित किया। पीएम स्वनिधि योजना को जून 2020 में लॉंच किया गया था। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने एक लाख रेहड़ी–पटरी वालों को योजना के अंतर्गत ऋण वितरित

किया। इनमें दिल्ली के पांच हजार रेहड़ी–पटरी वाले शामिल हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि रेहड़ी पटरी का काम करने वाले लाखों परिवारों को पीएम स्वनिधि से लोन की सुविधा मिल रही है, जिससे स्ट्रीट वेंडर आज स्वाभिमान के साथ अपना जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छोटे कारोबार को विस्तार देने में पीएम स्वनिधि से 62 लाख से अधिक लाभार्थियों को 11 हजार करोड़ रुपये मिल चुके हैं।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन रोजगार के तहत अपने सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित 39 उप–जिलाधिकारियों, 41 पुलिस उपाधीक्षकों एवं 16 लेखाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जब सरकार ईमानदारी के साथ काम करती है तो लोगों का नजरिया बदलता है। उन्होंने कहा कि सरकार परीक्षाओं की शुचिता भंग करने और युवाओं के भविष्य के साथ खेलने वालों पर कड़ी कार्यवाही कर रही है। मुख्यमंत्री ने नव चयनितों को संबोधित करते हुए कहा कि वे जनसेवा करते हुए अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी आयोग और बोर्ड ने केवल 9 महीने में चयन प्रक्रिया पूरी की है, जिसमें बिना किसी सिफारिश और हस्तक्षेप के नियुक्तियां हुई हैं। श्री योगी ने कहा कि

सरकार की कार्य योजना का परिणाम है कि पिछले सात वर्षों के अन्दर करोड़ों युवाओं को रोजगार की सुविधा और नौकरी उपलब्ध करायी गई है, जिससे प्रदेश की जीडीपी में भी इजाफा हुआ है।

————————

पुलिस भर्ती परीक्षा से जुड़े पेपर लीक मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष जांच दल एसटीएफ ने आज सिद्धार्थनगर में आरोपी को गिरफ्तार किया। 18 फरवरी को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा की दूसरी पाली में पेपर लीक कराने वाले गिरोह के सदस्य इस आरोपी के खिलाफ सिद्धार्थनगर में मुकदमा दर्ज किया गया था। यह आरोपी बिहार के सासाराम जिले का रहने वाला है। इससे पहले एक अन्य अभियुक्त जोकि हरियाणा का रहने वाला था, उसे 12 मार्च को एसटीएफ ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की थी। इस अभियुक्त को मेरठ से गिरफ्तार किया गया था और उसके मोबाइल से पेपर लीक से जुड़े वीडियो बरामद हुए थे।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अम्बेडकरनगर, अयोध्या और गोण्डा में 4 हजार 9 सौ करोड़ से अधिक की लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने अम्बेडकरनगर में 2 निजी औद्योगिक विकास परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया,

इनके माध्यम से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इसके बाद श्री योगी ने अयोध्या धाम में 1 हजार 90 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्हाने विराट किसान मेले एवं कृषि प्रदर्शनी के समापन समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी बन रही है, अब तक 1 करोड़ श्रद्धालु श्री रामलला के दर्शन कर चुके है।

गोंडा में मुख्यमंत्री ने विभिन्न परियोजनाओं सहित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की शुरुआत की। उन्होने कहा कि गोंडा और देवीपाटन कमिश्नरी में विकास के कार्यों में रुकावट नहीं आयेगी।

————————

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पेटीएम फास्ट टैग उपयोग करने वालों को 15 मार्च से पहले किसी अन्य बैंक के फास्ट टैग की सुविधा प्राप्त करने की सलाह दी है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि फास्ट टैग इस्तेमाल करने वालों को जुर्माने से बचने में मदद मिलेगी। रिजर्व बैंक के दिशा–निर्देशों के अनुसार 15 मार्च के बाद पेटीएम फास्ट टैग को रिचार्ज नहीं किया जा सकेगा।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

———————

होली के पर्व पर उत्तर प्रदेश के निवासियों को घर लौटने के लिए हर रूट पर भरपूर बसें उपलब्ध रहेंगी। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम 22 मार्च से एक अप्रैल तक होली स्पेशल बसों का संचालन करने जा रहा है। ये बसें एक अप्रैल तक चलेंगी। गौरतलब है कि इस बार होली 24 और 25 मार्च को होनी है। इसके बाद गुड फ्राइडे, शनिवार और रविवार की छुट्टी है। ऐसे में पूरे सप्ताह भर के लिए ही लोग अपने घरों को आने–जाने के लिए बसों को प्राथमिकता देंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने होली स्पेशल बसें चलाने का निर्णय लिया है। इस दौरान परिवहन निगम अपने चालक और परिचालकों को प्रोत्साहन भत्ता भी प्रदान करेगा। 10 दिन तक अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां भी रद कर दी गई हैं। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रोत्साहन अवधि के दिनों में दिल्ली से उत्तर प्रदेश के यात्रियों को

ले जाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में बसें चलाई जाएंगी जो होलो पर्व की शाम तक यात्रियों को उनकी मंजिल तक पहुंचाती रहेंगी। ऐसी ही व्यवस्था लखनऊ और कानपुर नगरों में यातायात प्रबंधन के लिए की जाएगी।

---

वर्ल्ड स्लोप डे कल मनाया जायेगा। इस मौके पर आज लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। वर्ल्ड स्लीप डे हर वर्ष नींद की विभिन्न प्रकार की बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है– 'वैश्विक स्वास्थ्य के लिये नींद की समानता'। इस अवसर पर केजीएमयू और एसजीपीजीआई के डॉक्टरों ने बताया कि पूरे विश्व में दस प्रतिशत युवा अनिद्रा से ग्रसित है। किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के पल्मोनरी और क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ0 वेद प्रकाश ने आकाशवाणी समाचार से खास बातचीत में कहा कि बड़ी संख्या में लोग अनियमित जीवन शैली की वजह से अनिद्रा के शिकार हो रहे हैं। बाइट.......

*अनिन्द्रा की जो बिमारीया। है ये लगातार बढ रही है तिरानबे करोड दुनियाभर में स्लीप की बिमारियों से ग्रसित हैऔर यदि हम लोग इसके अर्वेनियस के बारे में बात करे तो अस्सी प्रतिशत लोगो को नही पता है कि उनको ये बिमारी है उन्हे तब पता चलता है जब वो एक्सिडेन्टिली या एक्सिडेन्टिल फाइटिंग जब हमारे पास आते है कही पर किसी को हाटाटेक हो गया किसी को ब्रेन स्ट्रोक हो गया किसी को ब्लेडप्रेशर की दवाईया बढती जा रही है ब्लेडप्रेशर कन्ट्रोल ही नही हो रहा हैकिसी को शुगर की दवाईया चल रही है इन्सुलेशन डल्लप हो रहा है शुगर कन्ट्रोल ही नही हो रही है*

*मोटापा बढता ही जा रहा है कुछ काम करने का मन ही नही करता है मेमोरीलॉस हो रहा है वर्क प्लेस पर दिक्कते आ रही है तो ये एक ऐसे कॉमप्लीकेशस है जो कि अनिन्द्र की वजह से या तो स्लीप डे हम कहेगे उसकी वजह से देखने को मिल रही है इसी को लेकर के पन्द्रह मार्च को ये वर्ल्ड स्लीप डे मनाया जाता है*

———————

खेलो इण्डिया के तहत तीन दिवसीय चौथी नेशनल सीनियर स्पोर्ट्‌र्स योगासन चैंपियनशिप अमरोहा में संपन्न होगई। चैंपियनशिप में 29 प्रदेशों की 582 महिला योगा एथलीटों ने प्रतिभाग किया और विभिन्न प्रकार की प्रतिस्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

———————

गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज पीलीभीत जिले की नवनिर्मित तहसील कलीनगर के नवीन भवन का लोकार्पण किया। तहसील भवन की इमारत के निर्माण पर छः करोड़ बीस लाख रूपये खर्च हुए हैं। लोकार्पण समारोह मे पूरनपुर के विधायक बाबूराम पासवान बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के साथ ही अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

———————

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण–एफएसएसएआई ने देश भर में सौ जेलों को ईट राइट कैम्पस के रूप में प्रामाणिकता दी है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा कि एफएसएसएआई का

लक्ष्य कैदियों और जेल कर्मचारियों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि जिन जेलों को ईट राइट कैम्पस की प्रामाणिकता दी गई है उनमें से अधिकतर  उत्तरप्रदेश, पंजाब, बिहार और मध्यप्रदेश में हैं।

———————

जानी–मानी समाज सेवी, प्रसिद्ध शिक्षिका और लेखिका सुधा मूर्ति ने आज राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन में उन्हें शपथ दिलाई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुधामूर्ति को राज्यसभा के लिए नामित किया था।

———————

एक राष्ट्र–एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को रिपोर्ट सौंपी। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में यह उच्च स्तरीय समिति गठित की गई थी।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर में पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं के उत्साह को चित्रित करने वाला एक वीडियो साझा किया है। सोशल मीडिया पर श्री मोदी ने एक पोस्ट में कहा कि पूरे देश के युवा मतदाता कह रहे हैं मेरा पहला वोट देश के लिए।

(समाप्त)